>

Title: Need to expedite the construction of an over bridge on level crossing at Hulas Nagla in Sahajahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid

**श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर):** मैं लोकसभा क्षेत्र शाहजहाँपुर से सदस्य चुनकर आया हूँ । राष्ट्रीय राजमार्ग-24 बरेली-सीतापुर के बीच में हलासनगला रेलवे क्रोसिंग पर हर समय जाम लगा रहता है, जाम की वजह से एम्ब्युलेन्स के फँसने से कई मरीजों की मृत्यु हो चुकी है तथा कई बड़ी दुर्घटनाए हो चुकी हैं । आम जनमानस घंटो जाम में फंसे रहते हैं । जाम के कारण विद्यार्थी तथा शिक्षक विद्यालय समय से नहीं पहुँच पाते हैं तथा कई विद्यार्थियों की परीक्षा भी छूट जाती है । ओवरब्रिज निर्माण का कार्य कई वर्षों से लंबित है ।

मेरा अनुरोध है कि लंबित ओवरब्रिज निर्माण को जल्द से जल्द प्रारम्भ करवाया जाए ।